# ‘बीकानेर से कोटपूतली ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे बीकाणा के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि’



राज्य बजट पर शुक्रवार को सूचना केन्द्र सभागार में आयोजित परिचर्चा में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के स्टेट वाइस चेयरमैन विजय खत्री व कथाकार राजेन्द्र जोशी ने शिरकत की।

- राज्य बजट पर सूचना केन्द्र में परिचर्चा आयोजित, बजट में बीकानेर जिले को मिली कई सौगातें
- बजट में जिले को सोलर और सिरेमिक पार्क के रूप में बड़ी सौगातें मिली

**बीकानेर,** (कासं)। सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय, इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी और मुक्ति संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में राज्य बजट पर परिचर्चा शुक्रवार को सूचना केन्द्र सभागार में आयोजित की गई।

इस दौरान इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के स्टेट वाइस चेयरमैन विजय खत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में वित्त मंत्री दीया कुमारी द्वारा प्रस्तुत बजट में विकास का विजन देखने को मिला। जिले को सोलर और सिरेमिक पार्क के रूप में बड़ी सौगातें मिली हैं। इससे बीकानेर को नई पहचान मिलेगी। उन्होंने बीकानेर से कोटपूतली ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे को बीकानेर के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि बताया।

मुक्ति संस्थान के सचिव और कवि-कथाकार राजेन्द्र जोशी ने कहा कि राज्य के बजट में बीकानेर शहर का बेहतर प्रतिनिधित्व रहा है। नागणेची मंदिर के सामने रेलवे ओवरब्रिज, गंदे पानी की समस्या के समाधान के लिए 100 करोड़ रुपये और सिटी ट्रांसपोर्ट की बहुप्रतिक्षित मांग को पूरा करते हुए ई-बसें देना शहरी विकास के लिए अच्छे संकेत हैं। जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक हरिशंकर आचार्य ने बजट में जिले के लिए की गई सभी घोषणाओं के बारे में बताया।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और राज्य सरकार इन घोषणाओं को समयबद्ध रूप से क्रियान्वित करने के लिए कृत संकल्प है। प्रभारी मंत्री एवं प्रभारी सचिव स्तर के अलावा जिला कलेक्टर द्वारा प्रगति की नियमित समीक्षा की जा रही है। जनसम्पर्क अधिकारी भाग्यश्री गोदारा ने राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी।

सूचना केन्द्र की पाठक पलक स्वामी ने कहा कि पांच साल में 4 लाख युवाओं को रोजगार, रोजगार के दस लाख अवसर और डेढ लाख कौशल विकास की संभावनाएं देना युवाओं के लिए बड़ी सौगात है। चतुर्भुज शर्मा ने कहा कि संभाग मुख्यालयों में आदर्श वेद विद्यालय, स्पोर्ट्स कॉलेज खोलने और बालिका सैनिक स्कूल खोलने जैसी घोषणाओं युवाओं के लिए लाभदायक साबित होंगी। पुलकित स्वामी ने अटल इनोवेशन स्टेडियम सेंटर, पॉलिटेक्निकल और आईटीआई कॉलेज में नए संकाय प्रारम्भ करना, ईसीबी को राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के तर्ज पर क्रमोन्नत करना भी बीकानेर को नई पहचान दिलाएगा। महेन्द्र कड़ेला ने कहा कि बीकानेर के नहरी तंत्र सुदृढ़ीकरण के लिए 1100 करोड़ रुपये स्वीकृत करना और मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित करने से कृषि और इससे जुड़े लोगों को लाभ मिलेगा।

इस दौरान सभी प्रतिभागियों को जनसंपर्क विभाग की पत्रिका राजस्थान सुजस का वितरण किया गया। सहायक जनसंपर्क अधिकारी निकिता भाटी ने जनसंपर्क विभाग के विभिन्न सोसल मीडिया प्लेटफॉर्म, ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर तक व्हाट्सऐप ग्रुप्स, डीआईपीआर राजस्थान व्हाट्सऐप चैनल के बारे में बताया। इस दौरान जनसम्पर्क कार्यालय के बृजेन्द्र सिंह, प्रियांशु आचार्य, परमनाथ सिद्ध, सूचना केंद्र के पाठक निशा गहलोत, शालू सोलंकी, युक्ति गिरि, संतोष कंवर, महेन्द्र प्रजापत सहित अन्य प्रतिभागी मौजूद रहे।

## पत्नी की हत्या कर शव नहर में फेंकने पर उम्रकैद

**हनुमानगढ़,**(कासं)। अवैध संबंधों में बाधा बन रही पत्नी की ब्याह के नौ माह बाद बहन के साथ मिलकर हत्या कर शव नहर में फेंकने के मामले में जिला एवं सेशन न्यायाधीश तनवीर चौधरी ने दो जनों को दोषी करार दिया। न्यायालय ने दोषी पति को उम्रकैद तथा ननद को तीन साल कारावास की सजा सुनाई। साथ ही दोनों पर कुल 13 हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया। राज्य की ओर से लोक अभियोजक उग्रसैन नैण ने पैरवी की।

प्रकरण के अनुसार रामप्यारी पत्नी बूटा सिंह निवासी वार्ड 11 नवां ने महिला थाना पुलिस को दो अप्रेल 2016 को रिपोर्ट दी थी कि उसकी पुत्री कोडा बाई की शादी नौ माह पहले बलदेव सिंह (23) पुत्र मक्खन सिंह निवासी वार्ड 43 सुरेशिया से हुई थी। शादी में हैसियत से बढकर दान दहेज दिया। मगर बलदेव सिंह, उसकी माता सरेनो बाई, बहन राजो बाई उर्फ वीरपाल कौर पत्नी चरणजीत सिंह निवासी घल्लू कटेड़ा, अबोहर हाल सुरेशिया ने पुत्री कोडा बाई को एक लाख रूपए व बाइक दहेज में देने की मांग को लेकर निरंतर प्रताड़ित किया। आरोपी बलदेव सिंह पहले नवां से कोडा बाई को घर ले गया। फिर बहन राजो बाई के साथ मिलकर कोडा बाई की गला घोंटकर हत्या कर दी। शव को ठिकाने लगाने के लिए उसे सूरेवाला क्षेत्र में इंदिरा गांधी नहर में फेंक दिया। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव बरामद किया।

## सार-समाचार

### ‘उत्तम भावना से ही कल्याण संभव’



रांगड़ी चौक तपागच्छीय पौधशाला में मुनिश्री पुष्पेन्द्र विजय ने धर्मसभा को सम्बोधित किया।

**बीकानेर,** (कासं)। जैन श्वेताम्बर तपागच्छ के मुनिश्री पुष्पेन्द्र विजय ने शुक्रवार को रांगड़ी चौक की तपागच्छीय पौषधशाला में राजकुमार वंकचुल की कहानी के माध्यम से कहा कि कुछ नियमों की पालना कर हम हिंसा, क्रोध आदि कषायों से बचकर पवित्र जीवन व्यतीत कर सकते है। उन्होंने कहा कि अहिंसा धर्म का पालन करने, सात्विक आहार ग्रहण करने अभक्षय सामग्री का त्याग करने, सुदेव, सुधर्म व सुगुरू की आज्ञा का पालन करने से जीवन निर्मल व पवित्र बनता है तथा हम अनेक पापों व कर्म बंधनों से मुक्त हो जाते है। मुनिश्री श्रुतानंद विजय ने आचार्य हरिभद्र सूरी के समरादित्य कथा सूत्र के जब माध्यम से कहा कि ‘भावे भावना भाविए, भावै दीजै दान, भावै जिनवर पूजिए, भावै केवल्य ज्ञान’। उन्होंने राजा प्रशन्नचन्द्र के दृष्टांत से बताया कि मन के भाव विशुद्ध हुए बिना चित स्फटिक की तरह निर्मल नहीं होगा । कितनी ही साधना आराधना व भक्ति कर लें मोक्ष का मार्ग नहीं मिलेगा। हमारी भावना व भाव पर कर्म बंधन टिका है। शुद्ध व उत्तम से भाव व भावना ही कल्याण संभव है।

### गाढ़वाला में 50 पौधे लगाए




गाढ़वाला में ‘एक पौधा मां के नाम’ अभियान में शुक्रवार को पौधारापण किया।

**बीकानेर,** (कासं)। वेटरनरी विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए ग्राम गाढ़वाला में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अभियान ‘एक पौधा मां के नाम’ के अन्तर्गत शुक्रवार को पौधारापेण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रसार शिक्षा निदेशक प्रो. राजेश कुमार धूड़िया ने बताया कि ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन वर्तमान समय में बहुत बड़ी चुनौती है जिसको अधिक से अधिक पौधे लगाकर कम किया जा सकता है। इसी के तहत आज गाढ़वाला में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। यूनिवर्सिटी सोशल रिस्पांसिबिलिटी के समन्वयक डॉ. नीरज कुमार शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में करंज, शीशम और सहजन के 50 पौधे लगाये गए तथा मातृशक्ति ने भी अपनी सहभागिता निभाई। इस अवसर पर ग्रामवासी जगमाल रायका, चेनाराम एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### संस्कृति ज्ञान परीक्षा 18 अक्टूबर को



गायत्री परिवार के ट्रस्टी पवन कुमार ओझा के सानिध्य में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के पोस्टर का विमोचन किया।

**बीकानेर,** (कासं)। शिक्षा विभाग राजस्थान के सहयोग से शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा इस वर्ष 18 अक्टूबर को आयोजित की जायेगी। गायत्री परिवार ट्रस्टी व परीक्षा आयोजन सचिव देवेन्द्र सारस्वत ने बताया कि पुरानी गिन्नानी स्थित गायत्री शक्तिपीठ बीकानेर में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा समिति बैठक जिला समन्वयक मुकेश व्यास की अध्यक्षता तथा गायत्री परिवार मुख्य प्रबंध ट्रस्टी पवन कुमार ओझा के सानिध्य में आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से सतीश तंवर को परीक्षा आयोजन समिति का जिला संयोजक व देवेन्द्र सारस्वत को जिला सचिव पद पर मनोनीत किया गया। बैठक में परीक्षा आयोजन के पोस्टर का भी विमोचन किया गया। नव मनोनीत जिला संयोजक सतीश तंवर ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन 18 अक्टूबर को किया जायेगा।

## सांप ने काटा, जागरूकता व तत्काल उपचार से बची जान

- गंगानगर के गांव 13 एच निवासी युवक को खेत में काम करते समय जहरीले सांप ने काट लिया था
- बारिश के मौसम में सर्पदंश का खतरा बढ़ जाता है

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। छोटी सी लापरवाही जानलेवा हो सकती है और इसी तरह सावधानी व जागरूकता इंसान की जान भी बचा सकती है। ऐसा ही हुआ गांव 13 एच के निवासी एक युवक के साथ, जिसे जहरीले सांप ने काट लिया लेकिन जागरूकता की बदौलत युवक को बिना समय गवाएं अस्पताल लाया गया और वहां बेहतर उपचार के चलते उसकी जान बच गई।

दरअसल गांव 13 एच निवासी 20 वर्षीय युवक गुरप्रीत सिंह पुत्र बलवंत सिंह को खेत में काम करते समय जहरीले सांप ने काट लिया था। सांप करैत प्रजाति का था, जो बेहद घातक माना जाता है। पीएमओ डॉ. दीपक मोंगा ने बताया कि परिवार ने बेहद समझदारी और जागरूकता दिखाते हुए युवक को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। परिवार के लोग युवक को किसी झाड़ फूंक वाले के पास नहीं ले गए, जिस कारण उपचार में देरी नहीं हुई। क्योंकि जब युवक को जिला अस्पताल लाया गया तब उसकी हालत काफी नासाज थी।

यहां पहुंचते ही पूर्व पीएमओ डॉ. के.एस. कामरा की टीम ने तत्काल उपचार शुरू कर दिया। डॉ. कामरा ने बताया कि यदि परिवारजन झाड़ फूंक के चक्कर में पड़कर थोड़ी सी भी और देरी कर देते तो युवक का बचना मुश्किल था। क्योंकि जहरीले सांप के काटने से जहर फैलना शुरू हो चुका था और युवक की हालत नासाज हो चुकी थी। हाथ सुन्न होने लग गए थे और बेहोशी छा गई थी। आईसीयू टीम ने यहां आते ही मरीज का सघन उपचार शुरू किया, जिसकी बदौलत युवक आज पूरी तरह से स्वस्थ है और उसे शुक्रवार को छुट्टी दे गई।

उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि यदि कोई सांप काट ले तो घबराना नहीं चाहिए। बल्कि शांत रहते हुए जहां सांप ने काटा है, वहां चाकू से हल्का कट लगा देना चाहिए ताकि जहर न फैले। किसी भी तरह के झाड़ फूंक में न पड़ते हुए तत्काल उपचार के लिए अस्पताल जाना चाहिए। जागरूकता के लिए आमजन स्वास्थ्य विभाग के आईईसी श्रीगंगानगर सोशल मीडिया पर फॉलो करें ताकि नियमित रूप से जागरूकता सामग्री मिल सके।

सीओआईईसी विनोद बिश्नोई ने बताया कि बारिश के मौसम में सर्पदंश का खतरा बढ़ जाता है। इस मौसम में बिलों में पानी भरने से सांप बाहर निकलकर विचरण करने लगते हैं और कई बार लोगों को अपना शिकार बना लेते हैं। सर्पदंश का मामला संवेदनशील होता है। जहरीले सांप के काटने पर न तत्काल उपचार नहीं होने पर जानलेवा बन जाता है। इसलिए तत्काल चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए।

## पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया

**सीकर,** (निसं)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय उजीन सिंह का नाडा बेरी में कारगिल विजय के 25 वर्ष पूर्ण होने पर शुक्रवार को कारगिल विजय दिवस पर गांव के पूर्व सैनिकों को माला पहनकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पित कर अतिथियों ने इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

प्रधानाध्यापक राज कमल जाखड़ ने बताया कि इस अवसर पर चिंकारा कैंटीन सीकर के प्रबंधक गोपाल सिंह ने कहा कि सैनिकों में कठिनाइयों का सामना कर देश सेवा का जज्बा कायम रहता है, इस पर विस्तार से विद्यार्थियों को अनुभव साझा किये।

विद्यालय में बेरी गांव के भूतपूर्व सैनिकों को विद्यालय में बुलाकर उनके अनुभव विद्यार्थियों को सुनाए। कार्यक्रम में पूर्व प्रधानाचार्य मोहर सिंह जाखड़ ने कहा कि विद्यार्थियों में शुरू से ही देश प्रेम की भावना जगाना बहुत जरूरी है। इस अवसर पर कोलीड़ा के सरपंच और वायु सेवा में कार्य कर चुके शिवपाल सिंह ने विद्यार्थियों को सैनिकों के प्रति सम्मान की भावना जागृत करने के लिए युवाओं द्वारा समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम करने की अपील की।

## 64 ट्रैक्टर ले गया ठेकेदार, 6 ही बरामद

- पुलिस की कार्यशैली से नाराज ग्रामीण पानी की टंकी पर चढ़े

**हनुमानगढ़,**(कासं)। पुलिस की सुस्त कार्यशैली से नाराज होकर जिले के गोलूवाला थाना क्षेत्र के गांव सुरावली के वाटर वर्क्स स्थित पानी की टंकी पर तीन ग्रामीण चढ़ गए। पुलिस पर मामले की जांच में सुस्ती बरतने तथा किराये पर दिए गए 64 में से अब तक छह ट्रैक्टर ही बरामद करने पर रोष जाहिर किया गया।

ग्रामीण पिछले कई दिनों से कथित तौर पर भारतमाला प्रोजेक्ट से जुड़े ठेकेदार को किराये पर दिए गए ट्रैक्टर वापस दिलाने की मांग ग्रामीण कर रहे हैं। ग्रामीणों के टंकी पर चढने की सूचना मिलने पर गोलूवाला थाने का जाप्ता तथा पुलिस व प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। समाचार लिखे जाने तक ग्रामीणों की समझाइश की जा रही थी। मगर ग्रामीण ठोस आश्वासन मिलने तक टंकी से नहीं उतरने पर अड़े हुए थे।

पानी की टंकी पर चढ़े रविंद्र पुत्र श्योदान निवासी सुरावाली तथा सुनील पुत्र जगदीश व बबलू पुत्र ओमप्रकाश दोनों निवासी जोड़किया एवं अन्य ग्रामीणों ने बताया कि भारतमाला प्रोजेक्ट पर कार्य करवाने के लिए ठेकेदार राजेन्द्र कुमार पुत्र शंकरलाल निवासी 69आरबी, रायसिंहनगर व संदीप कुमार पुत्र दलबीर सिंह निवासी जोगीवाला, हरियाणा इस साल की शुरुआत में क्षेत्र के किसानों से उनके ट्रैक्टर किराये पर लेकर गए थे। प्रति ट्रैक्टर उसके मालिक को 20 हजार रूपए मासिक किराया देना तय किया गया था। पहले माह किराया आने पर अन्य किसानों ने भी अपने ट्रैक्टर किराये पर लगाए।

इस तरह आरोपी इलाके के करीब 64 ट्रैक्टर ले गए। मगर कुछ समय बाद ही आरोपियों ने किराया भेजना बंद कर दिया। आरोपियों ने ट्रैक्टर लौटाने से इनकार कर दिया। उनके ट्रैक्टर कहीं बेच दिए। गोलूवाला पुलिस अब तक केवल छह ट्रैक्टर ही बरामद कर सकी है।

## कारगिल विजय तिरंगा रैली निकाली

**झुंझुनूं,** (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनूं के तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर स्काउट गाइड कार्यालय परिसर से तिरंगा एवं देश भक्ति से ओत-प्रोत रैली का आयोजन किया गया।

सीओ स्काउट महेश कालावत ने तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली स्काउट गाइड कार्यालय से प्रारंभ होकर कुमावत बस्ती, मोरारका कॉलेज होते हुए शहीद स्मारक पहुंची। जहां पर देश के अमीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर स्काउट को संबोधित करते हुए सीओ स्काउट महेश कालावत ने कहा कि देश की आजादी एवं एकता, अखंडता को अक्षुण रखने वाले वीर अमर शहीदों को हम सादर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। इस अवसर पर स्काउट कार्यालय में देशभक्ति गानों की प्रस्तुतियां स्काउट्स द्वारा दी गई। इस दौरान रामदेवसिंह गढ़वाल, नरेशसिंह तंवर, सुनील मेहरा, मूलचंद मूंड, धर्मपाल सिंह, विजेता नेहरा, भंवरलाल मीणा, रविकुमार, अमरचंद, दिनेश लखटकिया, सुनिलकुमार, मोहम्मद जाबिर, दशरथ सैनी सहित राज्य पुरस्कार प्रशिक्षण क्षेत्र में भाग लेने वाले 200 से अधिक स्काउट्स उपस्थित रहे।

## भाजयुमो ने मशाल जुलूस निकाला

**सीकर,** (निसं)। कारगिल विजय दिवस पर भाजयुमो ने दो दिवसीय कार्यक्रम की शुरूआत गुरूवार से की। भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर शहीदों के सम्मान में शहर के कल्याण सर्किल से स्टेशन रोड होते हुए जाट बाजार तक मशाल जुलूस निकाला। भाजयुमो कार्यकर्ता हाथों में मशाल लिए भारत माता के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। जाट बाजार में पहुंचने पर कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर शहीदों को प्रणाम किया और उनके सम्मान में जयकारे लगाए। इस दौरान कार्यक्रम प्रभारी गौरी कुमावत, कार्यक्रम संयोजक जितेंद्र सिंह रानोली, महेंद्र, मुकेश आदि मौजूद रहे।

## आधार में केवल एक बार हो सकता है जन्म तिथि का संशोधन

- व्यक्ति के एड्रेस तथा मोबाइल नंबर में एक से अधिक बार संशोधन कराए जा सकते हैं

**बीकानेर,** (कासं)। किसी भी व्यक्ति के आधार कार्ड में जन्मतिथि में केवल एक बार संशोधन किया जा सकता है। जबकि व्यक्ति के नाम में अधिकतम दो बार संशोधन करने का प्रावधान है।

जिला स्तरीय आधार मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक में सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा यह जानकारी दी गई। अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ दुलीचंद मीना ने जिले में संचालित सभी आधार सेवा केन्द्रों पर आमजन की सुविधा के लिए आधार नियमों और फीस के संबंध में विस्तृत सूचना चस्पा करवाने के निर्देश दिए।

सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त निदेशक सत्येंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि जिले में कुल 302 आधार केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है। सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा 156, बैंकों में 21, सीएससी के 12, पोस्ट आफिस द्वारा 112 सहित कुल 302 सेवा केन्द्र संचालित है।

राठौड़ ने बताया कि किसी भी व्यक्ति के जन्म तिथि में केवल एक बार जन्म प्रमाण पत्र या दसवीं कक्षा के प्रमाण पत्र के आधार पर संशोधन किया जा सकता है। व्यक्ति के एड्रेस तथा मोबाइल नंबर में एक से अधिक बार संशोधन करवाए जा सकते हैं। नया आधार नामांकन पूर्णतया निःशुल्क है। आधार कार्ड में संपूर्ण बायोमेट्रिक अपडेट करवाने की फीस 100 रुपए है तथा डेमोग्राफिक अपडेट करने के 50 रुपए निर्धारित है।

## ‘कैंसर का समय पर और सही तरीके से इलाज प्रारंभ करें तो रिकवरी के चांस बढ़ जाते हैं’




रोटरी क्लब ईस्ट गंगानगर द्वारा शिविर में सेवा दे रहे फॉर्टिज मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट गुड़गाव के सर्जिकल ओंकालॉजिस्ट डॉ सुशील जैन को बुके व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

- रोटरी क्लब श्रीगंगानगर ईस्ट व रैनबो हॉस्पिटल द्वारा कैंसर अवेयरनेस शिविर का आयोजन
- शिविर में 100 से अधिक रोगियों ने लाभ उठाया, रोगियों को उच्च स्तरीय परामर्श मिला

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। कैंसर का यदि समय पर और सही तरीके से इलाज प्रारंभ कर दिया जाए तो रिकवरी के चांस बढ़ जाते हैं। कैंसर रोग के विषय मे अवेयरनेस अति आवश्यक है। यह बात रैनबो हॉस्पिटल में आयोजित कैंसर अवेयरनेस शिविर में सेवाएं दे रहे फॉर्टिज मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट गुड़गाव के सर्जिकल ओंकालॉजिस्ट डॉ सुशील कुमार जैन ने कही।

रोटरी क्लब श्रीगंगानगर ईस्ट के सहयोग से आयोजित इस शिविर में 100 से अधिक रोगियों ने लाभ उठाया। रोटरी ईस्ट अध्यक्ष डॉ.रजनीश अग्रवाल ने बताया कि क्लब कैंसर अवेयरनेस को लेकर लगातार शिविर, जांच कैम्प आयोजित करता रहेगा। महिलाओं में स्तन कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं जल्द ही इसके लिए क्लब बड़ा प्रोजेक्ट चालू करेगा।

क्लब के सचिव सी ए आशीष गुप्ता के अनुसार क्लब के द्वारा आयोजित कैंसर अवेयरनेस शिविर में डॉ सुशील जैन ने सेवाएं दी। जो देश के जाने माने सर्जिकल ओंकालॉजिस्ट है। निसंदेह आज हमारे गंगानगर क्षेत्र के रोगियों को उच्च स्तरीय परामर्श मिला होगा। प्रोजेक्ट चेयरमैन सुमेश शर्मा के अनुसार आज के शिविर में रैनबो हॉस्पिटल के एम.डी. डॉ सुनील अग्रवाल के प्रयास सराहनीय रहे। डॉ संजीव जिंदल, डॉ सुरभि गुप्ता व टीम का स्पॉट आयोजन को सफल बनाने में बेहतरीन रहा। इस आयोजन में अध्यक्ष रजनीश अग्रवाल, सचिव सी ए आशीष गुप्ता, रोटे. सूरज अग्रवाल, रोटे. श्याम लाल जैन, रोटे. अनिल टांटिया, रोटे. डॉ राकेश गोयल, डॉ ललित मोहन डोडा, रोटे. सुमेश शर्मा शामिल हुए। रोटरी क्लब ईस्ट द्वारा डॉ सुशील जैन को बुके व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## जंग जीतने की सूचना मिलते ही उछल पड़े थे घाटी के जवान

- कारगिल विजय दिवस की कुछ यादें रावतसर के रिटायर्ड पैरासूट रेजीमेंट के हवलदार अशोक जोशी ने साझा की

**हनुमानगढ़/रावतसर,**( कासं )। कारगिल विजय दिवस की कुछ यादें हनुमानगढ़ जिले से भी जुड़ी हुई है। कारगिल युद्ध व विजय दिवस के साक्षी रहे रिटायर्ड पैरासूट रेजीमेंट के हवलदार नोहर के जसाना व हाल वार्ड 6 रावतसर निवासी अशोक कुमार जोशी पुत्र श्योलाल जोशी से जब बातचीत हुई तो उन्होंने कई यादें साझा की।

उन्होंने कारगिल युद्ध से जुड़ी अपनी यादों व करगिल युद्ध में उनकी व उनके साथियों की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने अपनी मातृभूमि के लिए मर मिटने के जज्बे और जुनून से कारगिल में दुश्मनों को मास्को पहाड़ी से पीछे हटने के लिए मजबूर कर दिया। अशोक कुमार जोशी पुत्र श्योलाल जोशी सहित उनकी 30 सदस्यों की बटालियन ने 15 दिन में मास्को पहाड़ी को खाली करवाया।

कारगिल युद्ध के बारे में बताते हुए अशोक कुमार जोशी में वही जोश व जज्बा देखने को मिला। वह आज भी यही कहते हैं अगर देश के लिए लडने का फिर से मौका मिले तो मैं अपने आप को सौभाग्यशाली समझूंगा।

कारगिल युद्ध के पांच वर्ष बाद वर्ष 2004 में रिटायर्ड हुए अशोक कुमार जोशी वर्तमान में रावतसर तहसील के गांव रामपुरा मटोरिया के एसबीआई बैंक में हैड कैशियर के पद पर कार्यरत हैं। अशोक कुमार जोशी में आज भी अपने प्रत्येक कार्य में सेना जैसा अनुशासन व कोई भी कार्य करने में वही जोश व जज्बा है। जिससे लोग उन्हें सभी फौजी साहब के नाम से पुकारते हैं। अशोक कुमार ने बताया कि वह मई 1999 में 2 माह की छुट्टी पर अपने गांव आये थे तभी उन्हें आदेश मिला की छुट्टियां रद्द कर दी गई है। देश की सीमा में कुछ आतंकी घुस गए हैं। जिस पर दस दिन बाद ही वापस ड्यूटी पर अपनी यूनिट पहुंचे। रात्रि लगभग 11 बजे हवाई अड्डे पहुंचे जहां से हथियार व अन्य सामान लोडिंग कर लद्दाख के लिए रवाना हुए।

लद्दाख से दराज सेक्टर जाने का आदेश मिला। जहां फायरिंग शुरू थी। कारगिल गांव से थोड़ा आगे पहुंचे तो वहां दराज सेक्टर जाने का रास्ता पूर्णरूप से दुश्मनों द्वारा धवस्त कर दिया गया था। जहां पाकिस्तानी सेना का कब्जा था। सेना ने दूसरा रास्ता निकाला जहां से रात्रि में दराज सेक्टर पहुंचे। जहां एक सप्ताह की ट्रेनिंग मिली। वहां से मास्को घाटी को खाली करवाने का आदेश मिला। सर्व प्रथम हमारी पैरासूट रेजिमेंट यूनिट के 30 सदस्यों ने मास्को घाटी की चढ़ाई शुरू की। जिसमें मैं भी शामिल था। एक दिन व एक रात में मास्को घाटी पहुंचे। जहां ऑक्सीजन व खाने पीने की वस्तुएं भी नहीं थी।